# प्री0 बोर्ड परीक्षा - 2023 C1

कक्षा - 10

समय-3 घण्टा **हिन्दी** पूर्णांक-70

सामान्य निर्देश–

(i) प्रश्न नं. 1 से 20 तक MOR शीट पर काली स्याही की कलम या पेंसिल से भारिए। शेष 50 अंक के प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'अ' तथा 'ब' में विभाजित है। खण्ड-अ में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए हैं।

(iii) खण्ड-ब अंक के वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

## ( खण्ड-अ )

1. 'तितली' किस रचनाकार का उपन्यास है — 1

(क) प्रेमचन्द्र (ख) जयशंकर प्रसाद
(ग) रामचन्द्र शुक्ल (घ) गुलाब राय

2. शुक्लोत्तर युग की समय-सीमा है- 1

(क) 1930 ई0 से 1945 ई0 तक (ख) 1935 ई0 से 1940 ई0 तक
(ग) 1938 ई0 से 1947 ई0 तक (घ) 1940 ई0 से 1948 ई0 तक

3. 'त्याग-पत्र' के रचनाकार हैं - 1

(क) डॉ0 नगेन्द्र (ख) जैनेन्द्र कुमार (ग) इलाचन्द्र जोशी (घ) मन्नू भण्डारी

4. 'रामवृक्ष बेनीपुरी' की रचना है- 1

(क) गेहूँ और गुलाब (ख) वट पीपल (ग) ममता (घ) कामायनी

5. 'अनन्त आकाश' के लेखक हैं - 1

(क) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद (ख) गुलाबराय (ग) धीरेन्द्र वर्मा
(घ) जयप्रकाश भारती

6. क्या भूलूँ क्या याद करूँ ? यह कौन-सी विद्या है ? 1

(क) आत्मकथा (ख) संस्मरण (ग) निबन्ध (घ) उपन्यास

7. श्री रामचरित मानस महाकाव्य के रचनाकार है ? 1

(क) सूरदास (ख) तुलसीदास (ग) कबीरदास (घ) केशवदास

8. 'केशवदास' किस काल के कवि है ? 1

(क) भक्तिकाल (ख) रीतिकाल (ग) आधुनिक काल

9. 'रश्मिरथी' के रचनाकार है - 1

(क) नागार्जुन (ख) महादेवी वर्मा
(ग) रामधारी सिंह दिनकर (घ) जयशंकर प्रसाद

10. 'प्रयोगवादी युग' के कवि हैं ? 1

(क) अज्ञेय (ख) जयशंकर प्रसाद (ग) श्रीधर पाठक (घ) निराला

11. 'तीसरा सप्तक' का प्रकाशन-वर्ष है - 1

(क) 1940 ई0 (ख) 1949ई0 (ग) 1959 ई0 (घ) 1969ई0

12. 'बीजक' के रचनाकार हैं - 1

(क) कबीरदास (ख) तुलसीदास (ग) रहीमदास (घ) सूरदास

13. रीतिकाल का समय माना गया है ? 1

(क) 743ई0 से 1343ई0तक (ख) 1343ई0 से 1543ई0 तक

(ग) 643 ई0 से 1843 ई0 तक (घ) 1843 से आजतक

14. 'छत्रसाल' दशक' के रचनाकार हैं - 1

(क) भूषण (ख) मधुकर (ग) दलपति विजय (घ) राजकुमार वर्मा

15. 'आभूषण' का पर्यायवाची शब्द होगा - 1

(क) अलंकार (ख) सम्पति (ग) कौमुदी (घ) सौभाग्य

16. 'त्रिदेव' में कौन-सा समास है? 1

(क) द्वन्द्व समास (ख) द्विगु समास

(ग) कर्मधारय समास (घ) बहुव्रीहि समास

17. छन्द कितने प्रकार के होते हैं ? 1

(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) चार

18. 'फल' शब्द के षष्ठी विभक्ति एकवचन का रूप होगा - 1

(क) फलस्य (ख) फलयोः (ग) फलानाम्

19. 'हस्' शब्द के लृटलकार उत्तम पुरुष, बहुवचन में रूप होगा - 1

(क) हसतः (ख) हसामः

(ग) हसासि (घ) हंसामि

20. प्रत्येकः का संधि-विच्छेद होगा - 1

(क) प्रति+एकः (ख) प्र+तिकः

(ग) प्रति+एकम् (घ) प्रत्य+एक

## (खण्ड-'ख') वर्णात्मक प्रश्न

1. निम्न गद्यांशों में से किसी एक के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-3×2=6

जिन हालातों में पड़कर संसार की प्रसिद्ध जातियाँ मिट गई, उनमें हम न केवल जीवित ही रहे, वरन् अपने आध्यात्मिक और बौद्धिक गौरव को बनाए रख सके। उसका कारण यही है कि हमारी सामूहिक चेतना ऐसे नैतिक आधार पर ठहरी हुई है, जो पहाड़ों से भी मजबूत, समुद्रों से भी गहरी और आकाश से भी अधिक व्यापक है।

P.T.O.

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(ग) लेखक ने गद्यांश में क्या संदेश देना चाहा है? 2

(ब) अजन्ता संसार की चित्रकलाओं में अपना अद्वितीय स्थान रखता है। इतने प्राचीनकाल के इतने सजीव, इतने गतिमान, इतने बहुसंख्यक कथा-प्राण चित्र कहीं नहीं बने। अजन्ता के चित्रों ने देश-विदेश, सर्वत्र की चित्रकला को प्रभावित किया। उसका प्रभाव पूर्व के देशों की कला पर तो पड़ा ही, मध्य-पश्चिमी एशिया भी उसके कल्याणकर प्रभाव से वंचित न रह सका।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

(ख) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए। 2

(ग) अजन्ता की चित्रकला का बाहर के देशों पर क्या प्रभाव पड़ा ? 2

2. निम्नलिखित पद्यांशों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2+2+2=6

बसै बुराई जासु तन, ताही कौ सनमानु।<br>
भलौ-भलौ कहि छोड़ियै, खोटैं ग्रह जपु दानु।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

(खं) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए। 2

(ग) बिहारी के अनुसार संसार में किस आदमी की प्रतिष्ठा होती है? 2

अथवा

सेना-नायक राणा के भी, रण देख-देखकर चाह भरे।<br>
मेवाड़-सिपाही लड़ते थे, दूने तिगुने उत्साह भरे।<br>
क्षण मार दिया कर कोड़े से रण किया उतारकर घोड़े से।<br>
राणा रण-कौशल दिखा-दिखा, चढ़ गया उतरकर घोड़े से।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

(ख) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए। 2

(ग) प्रस्तुत पंक्तियों में कौन सा अलंकार है ? 2

3. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश में से किसी एक का हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 2+3=5

मानव-जीवनस्य संस्करणं संस्कृतिः। अस्माकं पूर्वजाः मानवजीवनं संस्कर्तु महान्तं प्रयत्नम् अकुर्वनम् । ते अस्माकं जीवनस्य संस्करणाययान् अचारान् विचारान् च अदर्शयन् तत् सर्वत् अस्माकं संस्कृतिः।

अथवा

धान्यानामुत्तमं किंस्विद् धनानां स्यात् किमुत्तमम् ?
लाभानामुत्तमं किं स्यात् सुखानां स्यात् किमुत्तमम् ?

4. किसी एक पद्यांश का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए - 2+3=5

(क) माता गुरूतरा भूमेः खात् पितोच्चतरस्तथा।
मनः शीघ्रतमं वातात् चिन्ता बहुतरी तृणात्।।

(ख) अपदो दूरगामी च साक्षरो न च पंण्डितः।
अमुखः स्फुटवक्ता च यो जानाति स पण्डितः।।

5. (क) अपने पठित खण्ड-काव्य के द्वितीय सर्ग का सांराश लिखिए। 3

अथवा

(ख) अपने पठित खण्ड-काव्य के आधार पर उसके किसी एक पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए। 3

6.(अ) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए- 5

(i) जयशंकर प्रसाद (ii) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद
(iii) डॉ भगवतशरण उपाध्याय

(ब) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी एक रचना का नाम लिखिए- 5

(i) बिहारीलाल (ii) महादेवी वर्मा (iii) अशोक वाजपेयी

7. अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2

8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए- 4

(i) पुरूराजः कः आसीत् ?
(ii) चन्द्रशेखरः स्वगृहं कुत्र किम् अवदत् ?
(iii) अस्माकं संस्कृते कः नियमः ?
(iv) सर्वेषु उत्तमं धनं किम अस्ति ?

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए- 9

(क) कोरोना - एक वैश्विक चुनौती (ख) भ्रष्टाचार की समस्या
(ग) विज्ञान के बढ़ते चरण (घ) कम्प्यूटर-आधुनिक यन्त्र मानव।